रोहतक, बुधवार 25 जून 2025 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ■ वर्ष : 29, अंक : 145 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 38.6 न्यून. 23.2 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। नक्सल ऑपरेशन के अलावा वे लोगों से संवाद भी करते है और विकास की बात भी...।



● मोदी सरकार में समस्या का समाधान टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, समस्या को जड़ से समाप्त किया जाता है

● बिना बिचौलिये डीबीटी से गरीब परिवारों के साथ सीधे पहुंचे 44 लाख करोड़ रुपए

# अभूतपूर्व विकास के साथ, राष्ट्र में आत्मविश्वास जगाना, मोदी जी की सबसे बड़ी उपलब्धि

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*भारतीय राजनीति में अमित शाह एक ऐसी शख्सियत के रूप में हैं जो ना केवल कुशल रणनीतिकार और प्रशासक हैं, साथ ही उनके क्रियान्वयन में भी सिद्धहस्त हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपने आपको दक्ष राजनितिज्ञ के तौर पर साबित करने में कामयाब रहे श्री शाह गत छह वर्ष से देश के गृहमंत्री की भूमिका में बतौर प्रशासक परिवेश को अचंभित किये हुए हैं। दस माह पूर्व देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का ऐलान कर अचंभित कर देने वाले श्री शाह वक्त से पहले लक्ष्य हासिल करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वाधिक विश्वस्त सहयोगी के तौर पर पहिचाने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उनसे अनौपचारिक मुलाकात के दौरान देश- प्रदेश से जुड़े तमाम विषयों पर विस्तार से बात हुई। जहां एक ओर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के उभार को लेकर प्रसन्नता जाहिर की, वहीं दूसरी ओर नक्सल मोर्चे पर निर्णायक सफलता को लेकर आश्वस्त भी दिखे।*

*श्री शाह ने देश-विदेश और छत्तीसगढ़ प्रदेश के जुड़े मुद्दों पर बेबाकी से बात की हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से। प्रस्तुत है चर्चा के प्रमुख अंश।* *(पेज 8 भी देखें)*

## बस्तर हमारे भी दिल में बसता है, वहां का विकास वहां के लोगों की मंशा के मुताबिक होगा



■ *आपकी सरकार के 11 साल और यूपीए के एक दशक के राज में आप मूल अंतर क्या देखते हैं?*

■ देखिए...सबसे बड़ा अंतर सोच का है। यूपीए की सरकार समस्याओं को टुकड़ों-टुकड़ों में देखती थी, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जाता है। यूपीए का लक्ष्य होता था इतने गांवों में बिजली दी जाएगी, हमारा लक्ष्य, हर गांव में बिजली देना, हर घर में नल से जल पहुंचाना हर घर में पीने का स्वच्छ पानी की उपलब्धता, हर घर शौचालय पहुंचाना, हर घर में गैस सिलेंडर देना। वही कारण है कि मोदी सरकार ने पिछले 70 सालों का काम 11 वर्षों में किया है।

■ *विपक्ष अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार सरकार को घेरता है, वो कहते हैं कि अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी अच्छे थे, मोदी जी से?*

■ मैं आपसे आंकड़ों के साथ बात करूंगा। यूपीए के वक्त अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी थे, लेकिन उसके बावजूद आखिर क्यों देश की अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। यूपीए की जब सरकार आई तब अर्थव्यवस्था में दुनिया में 11वें स्थान पर थे। 10 वर्षों के बाद भी 11वें स्थान पर ही रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल में भारत 11वें से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, और हम तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अब आप बताइए कौन अच्छा है? आज विदेशी एजेंसियां भारत की तारीफ करती हैं, आईएमएफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक 'ब्राइट स्पॉट' और 'स्टार पर्फॉर्मर' कहा, मूडी रेटिंग ने भारत के जीएसटी, बैंकरप्टसी कोड और एनपीए के क्षेत्र में रिफॉर्म की प्रशंसा करते हुए सोवरिन रेटिंग को बीएए 2 में अपग्रेड किया। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' से 'पाजीटिव' में अपग्रेड किया, अब आप ही बताइए कौन अच्छा है?

# ढाई घंटे में ही ध्वस्त हुए ट्रंप के दावे ईरान-इजराइल ने तोड़ा सीजफायर

जंग के 12वें दिन सुबह 3:32 बजे ट्रंप ने सीजफायर का ऐलान किया। सुबह 10:38 बजे पोस्ट किया। अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें !

**ईरानी राष्ट्रपति मसूद बोले-हम सीजफायर का उल्लंघन नहीं करेंगे, अगर इजराइल नहीं माना तो जवाब देंगे, मसूद ने मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम से कहा**

इजराइली पीएम नेतन्याहू बोले-अब हम ईरान पर और हमले नहीं करेंगे, हमारे विमान वापस लौट आएंगे, लेकिन तेहरान ने हमला किया तो कड़ा जवाब देंगे

**बीरशेबा/तेहरान (भाषा/ब्यूरो)।** इजराइल व ईरान के बीच मंगलवार को घोषित संघर्ष विराम नाकाम रहा। सीजफायर शुरू होने के ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीरशेबा शहर में गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने भी अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया। इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। इस हमले में इमारत पूरी तरह ध्वस्त हो गई। बता दें कि दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार को सुबह 3:32 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया व लिखा-अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें, लेकिन सीजफायर ढाई घंटे बाद ही खटाई में पड़ गया।

*__ट्रंप बोले__-जंग रुकी, ईरान ने इजराइल पर 6 बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं, 5 की मौत, जवाब में इजराइल ने तेहरान में रडार साइट ध्वस्त की, __नेतन्याहू बोले__-पहले ईरान ने हमला किया, हमने जवाब दिया, __ईरानी राष्ट्रपति बोले__-अमेरिका-इजराइल की जबरदस्ती नहीं चलेगी*



## सभी युद्ध लक्ष्य हासिल किए : नेतन्याहू



इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप के साथ समन्वय करते हुए इजराइल ने ईरान के साथ द्विपक्षीय संघर्षविराम पर सहमति जताई है। उन्होंने इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट को बताया कि इजराइल ने ईरान के खिलाफ 12 दिनों के अभियान में अपने सभी युद्ध लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। इजराइल ने ईरान के सैन्य नेतृत्व और कई सरकारी स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया और तेहरान के आसमान पर नियंत्रण हासिल कर लिया। हम संघर्षविराम के किसी भी उल्लंघन का जोरदार जवाब देंगे।

## जबरदस्ती नहीं थोप सकते : मसूद



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल व अमेरिका जबरदस्ती अपनी इच्छाएं नहीं थोप सकते। यह बात उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति के साथ फोन वार्ता के दौरान कही। पेजेशकियन ने कहा- ईरान को अपनी रक्षा के लिए इस सैन्य संघर्ष में उतरना पड़ा। मैं उम्मीद करता हूं कि हमें फिर कभी लड़ाई न करनी पड़े।

***भारत ने ईरान-इजराइल के बीच सीजफायर पर अमेरिका व कतर की भूमिका का स्वागत किया है। भारत ने कहा, बातचीत और कूटनीति ही बेहतर रास्ता।***

## ट्रंप बोले-दोनों देशों ने सीजफायर तोड़ा



- ट्रंप ने कहा, इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुला रहा है। ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। युद्ध विराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। किसी को भी नुकसान नहीं होगा।
- इजराइल। उन बमों को मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो, तो यह एक बड़ा उल्लंघन होगा। पायलटों को अभी वापस बुलाओ!
- ट्रंप ने कहा, उन्होंने उल्लंघन किया, लेकिन इजराइल ने भी उल्लंघन किया। मैं इजराइल से खुश नहीं हूं। दोनों देशों ने सीजफायर तोड़ा है।
- इजराइल-ईरान के बीच 12 दिन के युद्ध में 28 इजराइली मारे गए, 1000 घायल हुए हैं। ईरान में 974 लोगों की जान गई और 3,458 घायल हुए है।

*(पेज 8 भी देखें)*

# तीन लाख का इनामी गैंगस्टर रोमिल वोहरा मुठभेड़ में ढेर

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली की स्पेशल सेल के संयुक्त ऑरेशन के दौरान तीन लाख का इनामी बदमाश रोमिल वोहरा मुठभेड़ में मारा गया। रोमिल वोहरा अशोक विहार, यमुनानगर का निवासी था। वह एक कुख्यात अपराधी था, जिस पर खेडी लक्खा सिंह ट्रिपल मर्डर और शांतनु मर्डर (शाहाबाद) सहित आठ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। एसटीएफ के एसपी विक्रांत भूषण व एसपी कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि वोहरा गुरुग्राम, फरीदाबाद से दिल्ली और उत्तरी हरियाणा में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर एसटीएफ सेंट्रल यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक राकेश कुमार व एसटीएफ करनाल यूनिट की टीम और स्पेशल सेल दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम-फरीदाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्गों पर नाकाबंदी की। इस दौरान आरोपित को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ हरियाणा के उप निरीक्षक रोहन, स्पेशल सेल दिल्ली के उप निरीक्षक प्रवीन और आरोपित रोमिल वोहरा घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां रोमिल को मृत घोषित कर दिया।



एसटीएफ द्वारा पकड़े गए आरोपित।

## शांतनु मर्डर केस में 10 काबू

13 जून 2025 को शाहाबाद में हुए शांतनु मर्डर केस की जांच में एसटीएफ ने अब तक केस से जुड़े 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पांच आरोपितों को पहले सप्ताह में, जबकि बाकी को 23 एवं 24 जून को गिरफ्तार किया गया।

# अमेरिका में हादसा, कैथल और करनाल के दो दोस्त जिंदा जले

**पूंडरी/कैथल/करनाल। (हरिभूमि न्यूज)** अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुई सड़क दुर्घटना में कैथल के गांव सिरसल निवासी अरुण जांगड़ा उर्फ रोमी (20) और करनाल के कोयर गांव निवासी उसके दोस्त विशाल (20) की जिंदा जलने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों रात को अपने कमरे पर वापस लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई और कार में आग लग गई, दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और दोनों की मौत हो गई।



अरुण जांगड़ा उर्फ रोमी



विशाल

## जमीन बेचकर भेजा था विदेश

सिरसल के एक एकड़ जमीन के मालिक बलबीर सिंह जांगड़ा ने बताया कि उसने गांव में अपनी एक एकड़ जमीन बेचकर उसे कनाडा स्टडी वीजा पर भेजा था। इसके बाद उसने अमेरिका जाने का निर्णय लिया। अब उसकी मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। सिरसल के ग्रामीणों ने बताया कि कार दुर्घटना तो शनिवार रात को हो गई थी, लेकिन यह किसी को भी मालूम नहीं था कि कार सवार रोमी व उसका दोस्त विशाल हैं। दोनों के शव जले हुए हैं। अमेरिका में उनके दोस्तों को पता कार के नंबर से पता चला।

# अब पीएफ खाते से 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख

■ जांच जरूरी नहीं होगी, स्वत : निपटान

■ पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी

**नई दिल्ली (भाषा)।** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान की सीमा एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। अब 72 घंटे में ईपीएफओ के सदस्य पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनों के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने 28 मार्च को श्रीनगर में हुई कार्यकारी समिति की 113वीं बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया था।

# निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

■ एनआईवी ने प्वाइंट ऑफ केयर किट तैयार की

■ मरीजों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है। एनआईवी निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा।

## फेविपिराविर चांदीपुरा विषाणु पर कारगर

एनआईवी के अध्ययनों में पाया गया है कि 'एंटी-वायरल' दवा 'फेविपिराविर' में 'चांदीपुरा विषाणु' के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता है। चांदीपुरा का प्रभाव मध्य भारत में नजर आता है तथा इसके लक्षणों में तेज बुखार और दौरे शामिल हैं।

# एयर इंडिया की लंदन-मुंबई फ्लाइट में 5 यात्री बीमार

■ दो क्रू सदस्यों को भी चक्कर व उल्टियां आई

■ एआई की मुंबई में आपात लैंडिंग, जांच करवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया की लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से मुंबई आ रही फ्लाइट एआई-130 में सफर के दौरान 5 यात्रियों और 2 क्रू मेंबर्स ने चक्कर आने और उल्टी होने की शिकायत की। एयर इंडिया ने इसकी जानकारी दी। एअर इंडिया ने बताया कि विमान के मुंबई में सुरक्षित लैंड करने पर मेडिकल टीम पहले से तैयार थी। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा-'मुंबई पहुंचने के बाद दो यात्रियों और दो क्रू मेंबर्स को मेडिकल रूम में ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई। बाद में सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है और जांच एजेंसी को सूचित कर दिया गया है।'

**बैठक** जज के घर कैश मामले में संसदीय समिति की बैठक में उठे गंभीर सवाल

*समिति ने न्याय विभाग से विस्तृत नोट तैयार करने को कहा*

# जस्टिस वर्मा के घर से नकदी मिलने पर प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई



**नई दिल्ली (भाषा)।** संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक हाईकोर्ट के जज के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई। इस पर समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा। सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक के दौरान विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया तथा विधि एवं न्याय मंत्रालय से कई प्रश्न पूछे कि न्यायपालिका से संबंधित उठाए गए मामलों में वह क्या कर रहा है।

## व्यापक विधेयक लाने की भी मांग

सदस्यों ने न्यायाधीशों की नैतिकता और आचार संहिता पर विभिन्न मुद्दों और चिंताओं को संबोधित करने वाले एक व्यापक विधेयक की भी मांग की, जो बैठक के दौरान उनके द्वारा उठाए गए थे। सांसदों ने जानना चाहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से बेहिसाब नकदी की बरामदगी के मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और मांग की कि एक आचार संहिता लागू की जानी चाहिए।

## वर्मा को हटाने के लिए प्रस्ताव क्यों नहीं लाए

कुछ सांसदों ने यह भी पूछा कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए अब तक कोई प्रस्ताव क्यों नहीं लाया गया? न्याय निष्पक्ष होना चाहिए, क्योंकि एक सरकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार के एक छोटे से मामले पर अपनी नौकरी खो सकता है, लेकिन बेहिसाब नकदी की बरामदगी के बाद भी न्यायपालिका के एक वरिष्ठ सदस्य के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। मामले में जल्द कार्रवाई की जाए।



## खबर संक्षेप

### लिंगानुपात सुधरकर 906 हुआ, इस महीने तक पिछले वर्ष 902 था

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के निर्देश पर हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की बैठक यहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि हरियाणा में लिंगानुपात इस वर्ष एक जनवरी से लेकर 23 जून तक बढ़कर 906 हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 902 था। अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत राज्य के लिंगानुपात में और सुधार लाने के प्रयासों को तेज करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात करने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### भूप सिंह को यूनियन प्रधान चुना गया

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य सहकारी बैंक (हरको) यूनियन के प्रधान और महासचिव चुन लिए गए हैं। हरियाणा राज्य सहकारी अपेक्स बैंक हरको कर्मचारी यूनियन की आम सभा कर इस दौरान भूप सिंह को यूनियन प्रधान चुन लिया गया सर्वसम्मति हुए चुनाव में सूरत सिंह उप प्रधान, गोकुल सिंह महासचिव, श्रीमती पदमा सचिव, विपिन कुमार कोषाध्यक्ष, प्रेम सिंह सचिव चुने गए हैं।

## माता परमेश्वरी देवी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शोक व्यक्त किया

*अधिकारियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों और गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि*

# सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे हरियाणा, उत्तरप्रदेश राजस्थान के नेता व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु को भेजे शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मंगलरवा को हरियाणा के कई जिलों, राजस्थान और यूपी से अधिकारियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों और गणमान्य लोगों का सिंधु भवन में पहुंचने तांता लगा रहा। लोगों ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया।



**रोहतक।** माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने पहुंचे तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ और गणमान्य व्यक्ति।

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए पदमश्री महावीर गुड्डू, उद्योगपति जगमोहन मित्तल, उद्योगपति राजेंद्र बंसल, व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज अध्यक्ष अशोक बुवानीवाल, आईएएस पीके दास, संजीव कौशल, एसपी सोनीपत नरेंद्र कादयान, पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक, केके सिंधु आईएसपी रिटायर्ड, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, पूर्व मंत्री कांता देवी, विधायक रेवाड़ी लक्ष्मण यादव,

विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव, विधायक उचाना देवेंद्र अत्री, विधायक अलवर बाबा बालकनाथ योगी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक यूपी जितेंद्र सिंह, पूर्व विधायक यूपी तेजेंद्र निरवाल, विधायक एनआईटी फरीदाबाद सतीश फागना, पूर्व विधायक बेरी चौधरी वीरेंद्र पाल, पूर्व विधायक राजस्थान नंद किशोर मेहरिया,

विधायक डबवाली आदित्य चौटाला, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रतिपक्ष नेता यूपी संजय लाठर, मुंडका विधायक गजेंद्र दराल, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा नेता यूपी मुनींद्रपाल, नगर निगम कमिश्नर डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा, पूर्व सीएम के पूर्व ओएसडी भूपेश्वर दयाल, पूर्व ओएसडी सीएम जवाहर यादव, पूर्व ओएसडी सीएम डॉ योंगेंद्र मलिक, नगर निगम मेयर हिसार प्रवीन पोपली, नगर परिषद चेयरमैन झज्जर कप्तान बिरधाना, भाजपा जिलाध्यक्ष हिसार अशोक सैनी, जिला प्रभारी गोहाना डॉ किरण कलकल, जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ यतींद्र राव, जिलाध्यक्ष गोहाना विजेंद्र मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्रगढ़ राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर विजेंद्र दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर राजपाल जांगड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष सिरसा अमीचंद मेहता, प्रदेश सचिव भाजपा गार्गी गक्खड़, महाराज जसमेर महरौली दिल्ली, अहलावत चौरासी खाप प्रधान हरदीप अहलावत, भाजपा नेता अमन गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष पलपल जवाहर सरौत, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कार भारती विजय कुमार, जिला संघ चालक आरएसएस रोहतक देवेंद्र गोयल, नगर संघ संचालक सुरेश बंसल, विहप नेता तिलक राज जुनेजा, महेंद्र अग्रवाल, सुभाष आहुजा, भाजपा नेता मुकेश गौड व पंडित नरेन्द्र वत्स जिला प्रभारी फरीदाबाद शामिल रहे।

### राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान



पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी संस्कारशील महिला थीं। जब पूरा देश राष्ट्र निर्माण में सिंधु परिवार के योगदान को देखता है, तो इसमें स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी और स्वर्गीय माता परमेश्वरी देवी का अमूल्य योगदान है।

### माता जी का जीवन प्रेरणा दायक



सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

### अनुशासन की प्रेरणा



पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर रहा। उन्होंने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। उनके आदर्श आज भी हमें अनुशासन की प्रेरणा देते हैं।

### भूमिका को गरिमा से निभाई



पूर्व मंत्री सिमा त्रिखा ने कहा एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने परिवार को ऐसे संस्कार दिए, जिसकी वजह से वह देश हित में कार्यरत हैं।

### माता जी ने समाज को आदर्श दिए



पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को आदर्श दिए। उनका संयम, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। मित्रसेन सिंधू जी और परमेश्वरी देवी के कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा।

### माता जी हमेशा याद रहेंगी



महाराज राजेंद्र दास जी जटेला धाम ने कहा कि माता जी को हमेशा याद रख जाएगा। वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान मिले। साथ ही ईश्वर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

*अपराधियों के डर से ठेकों की नीलामी नहीं होने का मामला*

# नीलामी में बिना डर के हिस्सा लें, शराब के ठेकेदारों को सुरक्षा देगा गृह विभाग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी संभावित बोलीदाताओं से आगामी शराब की दुकानों की नीलामी में बिना किसी डर के भाग लेने का आग्रह किया, तथा उन्हें पूर्ण प्रशासनिक सहायता और सुरक्षा का आश्वासन दिया। डॉ. मिश्रा ने कहा, सरकार कानून का पालन करने वाले बोलीदाताओं के पीछे मजबूती से खड़ी है। किसी भी व्यक्ति को वैध सरकारी प्रक्रिया में भाग लेने से डरना या हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। हम प्रत्येक प्रतिभागी को पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। डॉ. मिश्रा ने यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, जींद, हिसार, रोहतक, करनाल और अंबाला जिलों के उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और जिला आबकारी एवं कराधान आयुक्तों के साथ कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार आगामी नीलामी में किसी भी प्रकार की धमकी या हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगी। डॉ. मिश्रा ने प्रतिभागियों को डराने के लिए स्थानीय बदमाशों और असामाजिक तत्वों के बीच संभावित मिलीभगत का संकेत देने वाली रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और खुफिया एजेंसियों को ऐसे व्यक्तियों की तुरंत पहचान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा बढ़ाने के लिए जिला खुफिया इकाइयों को ₹आदतन-उपद्रवियों₹ की विस्तृत प्रोफ़ाइल तैयार करने और उनकी गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखने का निर्देश दिया। पुलिस को संदिग्ध लोगों या वाहनों के इधर-उधर घूमने या इकट्ठा होने पर नज़र रखने के लिए कहा गया है।

### डीसी और एसपी सीधा संवाद करें

गृह विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संभावित बोलीदाताओं के बीच विश्वास पैदा करने के लिए संबंधित जिलों के डीसी और एसपी को उनसे सीधे संवाद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ये बैठकें सुरक्षा-चिंताओं को दूर करने और प्रतिभागियों को सरकार के अटूट समर्थन का भरोसा दिलाने के लिए मंच के रूप में काम करेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹उपायुक्तों और एसपी को बोलीदाताओं के बीच सक्रिय रूप से पहुंचना चाहिए तथा उनकी चिंताओं को सुनना चाहिए और आश्वासन देना चाहिए कि मजबूत कानून-व्यवस्था व्यवस्था मौजूद है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | विद्युत नगर हिसार में बैडमिंटन हॉल में आयरन प्रोफाइल शीट सहित हीट रेजिस्टेंट बब्बल शीट का प्रावधान व फिक्सिंग और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों। एनआईटी सं. 11/XEN/CIVIL/HSR/2025-26 दिनांक 16.06.2025 | 17.06.2025 27.06.2025 | 13 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | एसई कार्यालय भवन डीएचबीवीएनएल, भिवानी का अपग्रेडेशन और वॉशरूम तथा आगंतुक कक्ष का निर्माण। एनआईटी सं. 12/XEN/CIVIL/HSR/2025-26 दिनांक 17.06.2025 | 20.06.2025 14.07.2025 | 41.11 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | बैडमिंटन कोर्ट मैट मेक योनेक्स मॉडल नं. एसी364 की खरीद। | 19.06.2025 30.06.2025 | 9.90 लाख | www.dhbvn.org.in | 9812452516 estateofficerdhbvn@gmail.com |
| 4 | डीएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन ओल्ड साइट सिरसा में नियंत्रण कक्ष का निर्माण और सम्बद्ध सिविल कार्य। एनआईटी सं. 13/XEN/CIVIL/HSR/2025-26 दिनांक 19.06.2025 | 20.06.2025 14.07.2025 | 77.70 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/35922/I/88/6 दि. 24.06.25

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सुचना संख्या–ETrU-T-03-2025-26**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-03-2025-26 | अंबाला मंडल के एसआरई–यूएमबी–डीएचपीआर, यूएमबी–एलडीएच और जेएचएल–एचएसआर–एलडीएच सेक्शन पर उच्च एमएमडी परिवहन उत्पाद/डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर्स (डीएसडीसी) की आवाजाही के लिए उल्लंघनों को हटाने के लिए सी/डब्ल्यू में ओएचई संशोधन हेतु कार्य। | 16.07.2025 | ₹ 2,08,73,325.77/- | ₹ 2,54,400/- | 06 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, (₹ 10,000/– Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

**1.** निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। **2.** निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। **3.** कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। **4.** कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है: **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE".** **5.** टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये। संख्या:. **ETrU-T-03-2025-26** दिनांक: 23.06.2025 **1890/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

**SW/BSO/711**

मनकि आशीष कुमार पुत्र सतबीर सिहं पुत्र रमन सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3603 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 410मिन/298 मिन, खाता न0 423 मिन, मु0 न0 21, किला न0 9/2(2–13), 12(8–0), 13(8–0), 18(8–0), 19(8–0), किते 5, तादादी रकबा 34 कनाल 13 मरले का 1/19 भाग, बकदर 1 कनाल 16.47 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से 7/693 भाग, बकदर 0 कनाल 7 मरले (0.04375 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 21, किला न0 12 मिन मध्य (0–7), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 7 मरले (0.04375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/BSO/712**

मनकि रमेश कुमार पुत्र रिसाल सिहं पुत्र हरफुल, निवासी गांव लगरपुर एवं बिस्वेदार गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 156/128, खाता न0 186, मु0 न0 22, किला न0 23(3–4), 24(8–0), किते 2, तादादी रकबा 11 कनाल 4 मरले का 7/96 भाग, बकदर 0 कनाल 16.33 मरले (0.1020625 एकड़) वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 22, किला न0 23 मिन मध्य (0–4.66), 24 मिन मध्य (0–11.67), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 16.33 मरले (0.1020625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

**5815**

मनकि आशीष कुमार पुत्र सतबीर सिहं पुत्र रमन सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3603 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 329/243, खाता न0 337, मु0 न0 41, किला न0 15/1(6–7), किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 7 मरले का 1/19 भाग, बकदर 0 कनाल 6.68 मरले व खेवट न0 409/298, खाता न0 422, मु0 न0 42, किला न0 10/2(4–0), 11(8–0), 20/2(0–9), मु0 न0 43, किला न0 16/1(2–19), किते 4, तादादी रकबा 15 कनाल 8 मरले का 83/1463 भाग, बकदर 0 कनाल 17.47 मरले व खेवट न0 410मिन/298मिन, खाता न0 423 मिन, मु0 न0 40, किला न0 11(8–0), 20(8–0), 21/1(3–7), किते 3, तादादी रकबा 19 कनाल 7 मरले का 1/19 भाग, बकदर 1 कनाल 0.36 मरले व खेवट न0 410मिन/298 मिन, खाता न0 423 मिन, मु0 न0 21, किला न0 9/2(2–13), 12(8–0), 13(8–0), 18(8–0), 19(8–0), किते 5, तादादी रकबा 34 कनाल 13 मरले का 1/19 भाग, बकदर 1 कनाल 16.47 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से 80/1881 भाग, बकदर 1 कनाल 9.47 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 3 कनाल 13.98 मरले (0.462375 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 21, किला न0 12 मिन मध्य (0–15.55), 13 मिन मध्य (0–14.33), मु0 न0 41, किला न0 15/1 मिन उत्तर (1–6.66), मु0 न0 42, किला न0 10/2 मिन उत्तर (0–17.44) किते 4, तादादी रकबा 3 कनाल 13.98 मरले (0.462375 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 24.06.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

# बेहतर मंच साबित होगा राष्ट्रीय सम्मेलन : हरविन्द्र

**चंडीगढ़।** देश में पहली बार हो रहे शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान और अनुभव साझा करने का बेहतर मंच साबित होगा। इससे पूरे देश में शहरी प्रशासन को और अधिक सक्षम व उत्तरदायी बनाने में मदद मिलेगी। यह बात हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को विधान सभा सचिवालय में सभी नोडल अधिकारियों की बैठक में कही। यह बैठक सम्मेलन से संबंधित तैयारियों की गहन समीक्षा के



लिए बुलाई गई थी। इससे पूर्व विस अध्यक्ष ने हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की। इस बैठक में आयुक्त विकास गुप्ता, के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था चरमराई : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। प्रदेश में लगातार रंगदारी मांगने, धमकी भरे पर्चे बांटने और खुलेआम हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

अपराधियों का खौफ इस कदर बना हुआ है कि राज्य में अब तक लगभग 300 शराब के ठेके केवल रंगदारी और गुंडागर्दी के कारण बोली पर नहीं चढ़ सके। साफ है कि अपराधी बेखौफ हैं, पुलिस निष्क्रिय है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। सरकार सोशल मीडिया पर ही अपराधियों को प्रदेश छोड़ने की चेतावनी देकर काम चला रही है, हालात ये है कि सरकार की न तो अधिकारी सुन रहे है और न ही उसकी चेतावनी का अपराधियों पर कोई खौफ दिखाई दे रहा है।


## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)

### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| S.No | e-Published Date | Closing Date | Opening Date | Title and Ref.No./Tender ID | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 18-Jun-2025 09:00 AM | 09-Jul-2025 05:00 PM | 10-Jul-2025 10:00 AM | [SELECTION OF AGENCY FOR PROCESSING OF DAILY GENERATED MUNICIPAL SOLID WASTE IN MC UCHANA] [PROCESSING/MSW/2025/MC UCHANA][2025_HRY_453099_1] | Haryana Government\|\|Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |
| 2. | 24-Jun-2025 03:00 PM | 14-Jul-2025 05:00 PM | 15-Jul-2025 10:00 AM | [SELECTION OF AGENCY FOR DOOR TO DOOR COLLECTION SEGREGATION OF MUNICIPAL SOLID WASTE FROM EACH ESTABLISHMENT TRANSPORTATION TO THE PROCESSING SITE IN MC UCHANA FOR FIVE YEARS (RE CALL).] [D2D/05/2025/MCU] [2025_HRY_449641_2] | Haryana Government\|\|Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |

Sd/- Secretary MC Uchana

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि (भ व प) सिरसा | हैड-5054 (ग्रुप-I) (जीएसटी के बिना) के तहत ऐलनाबाद निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) कि.मी. 0.00 से 3.90 सिरसा ऐलनाबाद रोड से हनुमानगढ़ टिब्बी रोड तक बाई-पास पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड के सुधार हेतु डीएनआईटी (रोड आईडी : 5909) + 3 कार्य। | 23.06.2025 03.07.2025 | 1639.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि (भ व प) कैथल | कैथल जिले में कैथल कवारतान रोड (रोड आईडी 7116) रोड का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.06.2025 | 1693.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि (भ व प) पलवल | पलवल जिले में गांव सिलोठी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड नं. 22386 दिनांक 10.06.2018) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिले में आरडी 0.00 से 1.680 तक गांव सातरोड कलां में सातरोड कलां लिंक रोड से सातरोड लाडवा रोड के बीच गैप की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4851) (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 5)। | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 184.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 1) के तहत हिसार जिले में 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) तलवंडी राणा से ढाणी बाबरां रोड आरडी 0.00 से 5.750 (रोड आईडी 4828) (II) हिसार से धांसू रोड आरडी 0.00 से 1.100 और 2.410 से 7.260 (रोड आईडी 4841) | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 424.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 3) के तहत हिसार जिले में 3 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) हिसार रायपुर सिकारपुर (पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित) रोड आईडी 0.000 से 1.140 (रोड आईडी 4854) (II) मिर्जापुर खोखा खरकड़ी रोड आरडी 0.00 से 7.850 और 8.850 से 11.850 (रोड आईडी 4844) (III) खोखा से खरकड़ी रोड आरडी 0.00 से 1.700 (रोड आईडी 5325)। | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 443.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | चरखी दादरी डिवीजन हेतु बियरिंग्स की आपूर्ति, हार्डवेयर मदों की आपूर्ति, वैद्युत मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 25.06.2025 10.07.2025 | 44.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों के प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर / चौकीदार / ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव काल्हेड़ी में बाल्मिकी चौपाल में कमरे का निर्माण। | 23.06.2025 02.07.2025 | 8.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | 10000-12000 लीटर वाटर टैंकर की खरीद हेतु निविदा। | 25.06.2025 09.07.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टेट स्कीम्स के तहत मशीनरी एवं उपकरण (04 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ट्रक्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 24.06.2025 24.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/240/35933/I/88/6 दि. 24.06.25

## मन की बात को लेकर पंचकमल में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित हरियाणा बनाएंगे : सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हरियाणा को विकसित राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विकसित होगा तो देश विकसित होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम को लेकर हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर 100 प्रतिशत पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनें और लोगों के साथ मन की बात भी करें। कार्यशाला को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम बताया। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सूरेंद्र पूनिया ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम के कारण ही केंद्र और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर मन की बात को सुनना सुनिश्चित करें।

उन्होंने ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम राजनीति से ऊपर उठकर है। मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज व देश के लिए अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं।

- मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं से आह्वान मन की बात भी सुनें और लोगों के साथ मन की बात भी करें






**आह्वान**

### बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद करें

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बनें हैं उनका कार्यकर्ता आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता स्वयं भी पौधे लगाएं और दूसरे लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा हर बूथ पर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं और योजनाओं से लोगों को अवगत कराएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मन की बात" कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने नेटबॉल में स्वर्ण जीतने पर कर्ण को सम्मानित किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल 2025 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए नेटबॉल में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज्य सरकार के कर्मचारीकर्ण को सम्मानित किया है। कर्ण वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में कार्यरत हैं। उन्हें उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। राज्य की खेल प्रतिभा में उनके योगदान की सराहना करते हुए मंत्री ने उन्हें प्रशंसा पत्र भेंट किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कर्ण की लगन और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि ने न केवल स्वास्थ्य विभाग बल्कि पूरे हरियाणा राज्य को गौरवान्वित किया है। उन्होंने खेलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।



## आरटीएस आयोग ने बिजली निगम के कर्मी पर जुर्माना लगाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य सेवा अधिकार आयोग ने टोहाना निवासी एक उपभोक्ता को सुरक्षा राशि की वापसी में छह माह से अधिक की देरी के मामले में सुनवाई करते हुए संबंधित एलडीसी पर एक हजार रुपये का जुर्माना और तीन हजार रुपये का मुआवज़ा देने का आदेश पारित किया है। आयोग प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने जांच में पाया कि इस प्रकार के प्रकरण को एसडीओ कार्यालय से एक्सईएन कार्यालय को भेजने की प्रक्रिया अत्यंत सरल है, जिसमें केवल आवश्यक दस्तावेज़ों की प्रतियां संलग्न करनी होती हैं ताकि सुरक्षा राशि की दोहरी वापसी न हो। इसमें किसी प्रकार की जटिल प्रक्रिया सम्मिलित नहीं है।

## हुकटा ने सेवा सुरक्षा के लिए शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा

**चंडीगढ़।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में शिक्षामंत्री के आवास पर शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हुकटा ने मंत्री से कैबिनेट की बैठक और मानसून सत्र में सेवा सुरक्षा प्रदान करने और सेवा सुरक्षा का कानून बनने तक विश्वविद्यालयों में कार्यरत पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को कार्यमुक्त न करने के संबंध में एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह निर्देश जारी करवाने की अपील की है। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि सरकार पर आप विश्वास बनाए रखे, यूनिवर्सिटी के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा अवश्य प्रदान करेंगे और सेवा सुरक्षा न होने तक कार्यमुक्त न करने का पत्र एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह अधिकारियों से बातचीत कर नियमानुसार जारी भी करवाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय मलिक ने बताया कि प्रदेश की नॉन-स्टॉप सरकार एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विधानसभा के शीतकालीन सत्र के वायदे अनुसार विश्वविद्यालयों के पात्र अनुबंधित को कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए फ़ाइल पर काम चल रहा है।

## आपातकाल की विभीषिका बताने के लिए जिलों में आज होंगे कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** आपातकाल की विभीषिका को बताने के लिए आज भाजपा सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। भाजपा ने जिला अनुसार होने वाले कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल में और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली पंचकूला में कांग्रेस द्वारा लगाए आपातकाल की खौफनाक यादों को लेकर कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद में, राव इंद्रजीत सिंह गुरुग्राम में, सांसद, मंत्री और संगठन के नेता अलग-अलग जिलों में जाकर कांग्रेस के काले इतिहास की जानकारी देंगे। अंबाला में असीम गोयल, राम अवतार सिंघल, रवि बतान, यमुनानगर में मंत्री महिपाल ढांडा, कुलभूषण गोयल, दशरथ सिंह चौहान, कुरूक्षेत्र में प्रो. एसपी सिंह बघेल, जवाहर सैनी आपातकाल पर होने वाले कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे। इसी तरह कैथल जिला में मंत्री अरविंद शर्मा, मदन गोयल, रेणू डाबला, पानीपत में कंवरपाल गुर्जर, जसबीर दोदवा, सोनीपत में मंत्री विपुल गोयल, सतीश नांदल, गोहाना में रामचंद्र जांगड़ा, समय सिंह भाटी व अन्य जगह कार्यक्रम होंगे।

## युवक की चाकू से गोदकर हत्या तेरह दिन पहले हुई थी शादी

**जींद।** पटियाला चौक स्थित जोगेंद्र नगर में मंगलवार शाम को गली में बैठक युवक की एक व्यक्ति ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपित व्यक्ति मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपित का बेटा भी अपराधिक मामले में जेल में बंद है। मृतक युवक की 13 दिन पहले ही शादी हुई थी।शहर के जोगेंद्र नगर निवासी ( 24 ) वर्षीय साहिल मंगलवार शाम को गली में बैठा हुआ था। इसी दौरान कालोनी का ही अनिल कुमार वहां पर आया और साहिल के पेट में चाकू मारने का प्रयास किया लेकिन साहिल ऊपर उछल गया और चाकू उसके जांघ में जा लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साहिल द्वारा शोर मचाए जाने पर परिवार के लोग मौके पहुंच गए और उसको नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता साहब सिंह ने बताया कि उनकी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं थी। आरोपित अनिल ने अचानक ही गली में बैठे हुए साहिल पर चाकू से हमला किया है। आरोपित हमला करने के बाद चाकू से लहराते हुए वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां पर पुलिस की टीम आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।शहर थाना प्रभारी मनीष ने बताया कि युवक की चाकू से गोदकर हत्या की है। फिलहाल परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे है और अब तक परिवार के लोगों ने रंजिश का कोई कारण नहीं बताया है।



- गली में बैठा था साहिल
- कॉलोनी के ही अनिल ने चाकू से हमला किया

**कोर्ट कभी अन्याय का स्रोत नहीं बन सकता : हाईकोर्ट**

## पांच साल सेवा देने के बाद बर्खास्त कर्मचारी की पुनर्नियुक्ति का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में उस कर्मचारी की सेवा बहाल करने का आदेश दिया है जिसे पांच वर्षों तक नौकरी करने के बाद केवल तकनीकी आधार पर हटा दिया गया था। यह मामला एक ऐसे व्यक्ति से संबंधित है जिसने सैनिक आश्रित होते हुए भी पूर्व सैनिक (ए क स - सर्विसमैन) श्रेणी में आवेदन कर दिया था। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की एकल पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब किसी व्यक्ति की नीयत में कोई छल नहीं हो और उसने कोई कपट नहीं किया हो, तो मात्र तकनीकी आधार पर उसे सेवा से वंचित रखना न्याय के मर्म के विरुद्ध होगा। कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि यदि इस तरह के मामलों में न्यायालय केवल नियमों की अक्षरश व्याख्या करते हुए कठोर रुख अपनाए, तो यह अन्याय को बढ़ावा देने जैसा होगा, क्योंकि इस प्रक्रिया में एक निर्दोष व्यक्ति की आजीविका और प्रतिष्ठा दांव पर लग जाती है।

हिसार निवासी मनेंद्र सिंह ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान पूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत आवेदन किया था, जबकि वह वास्तव में एक आश्रित था यह स्थिति उसके द्वारा प्रस्तुत पात्रता प्रमाण-पत्र में स्पष्ट रूप से दर्शायी गई थी। इसके बावजूद उसे सेवा में शामिल किया गया, परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी की, आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण की, और पूरे पांच वर्षों तक निर्विवाद रूप से सेवा दी। किन्तु पांच वर्षों के उपरांत हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने बिना किसी पूर्व चेतावनी के उसकी अनुशंसा वापस ले ली और उसे सेवा से हटा दिया गया।

- याची ने सैनिक आश्रित होते हुए भी पूर्व सैनिक श्रेणी में आवेदन कर दिया था



## खबर संक्षेप

### रेलवे ने बढ़ाए दाम, 1 से सफर होगा महंगा

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। भारतीय रेलवे 1 जुलाई 2025 से



नया किराया टैरिफ लागू करने जा रही है। यह बदलाव आम यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वालों की जेब ढीली करेगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

### 13वीं बार आरजेडी अध्यक्ष बने लालू, निर्विरोध हुआ चुनाव

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दोबारा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है।



लालू 13वीं बार आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने पार्टी कार्यालय में की। 1997 में आरजेडी की स्थापना के बाद से लालू यादव ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

### साउथ एक्टर कोकेन खरीदने में पकड़ा गया



**चेन्नई।** तमिल और तेलुगू सिनेमा के जाने-माने एक्टर श्रीकांत को सोमवार को चेन्नई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें श्रीराम के नाम से भी जाना जाता है। अभिनेता को ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया गया है और अब उन्हें 7 जुलाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने लंबी पूछताछ की, जिसके बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कांग्रेस नेता को लिखा लेटर, धांधली के आरोपों पर होगी चर्चा

# महाराष्ट्र चुनाव : गड़बड़ी के आरोप को लेकर चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बुलाया

राहुल ने आरोप लगाया था-महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग की गई थी। इसी तरह की फिक्सिंग अब बिहार में होगी, फिर वहां होगी जहां भाजपा हारती दिख रही हो।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखा है। इसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के उनके आरोपों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। पत्र 12 जून को मेल और राहुल के आवास पर भेजा गया है। चुनाव आयोग ने पत्र में लिखा- भारत की संसद के पारित इलेक्टोरल लॉ, उसके नियमों और समय-समय पर चुनाव आयोग के निर्देशों के जरिए बहुत सख्ती से देश में चुनाव आयोजित कराए जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सेंट्रलाइज्ड आयोजित की जाती है। इसमें चुनाव आयोग के नियुक्त 1,00,186 से ज्यादा बीएलओ, 288 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 139 जनरल ऑब्जर्वर, 41 पुलिस ऑब्जर्वर, 71 खर्च ऑब्जर्वर और 288 रिटर्निंग अधिकारी और महाराष्ट्र में राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के नियुक्त एक लाख 8 हजार 26 बूथ स्तरीय एजेंट शामिल हैं। इनमें कांग्रेस के 28,421 एजेंट शामिल हैं।

### राहुल ने चुनाव में फिक्सिंग करने के लगाए थे आरोप



#### ये लगाए आरोप

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री (देवेंद्र फडणवीस) के निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में 5 महीनों में 8 फीसदी वोटर बढ़ गए थे। कुछ बूथों पर 20 से 50 फीसदी तक वोटर बढ़े। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की खबर दी। मीडिया ने बिना वेरिफिकेशन पते वाले हजारों मतदाताओं का पता लगाया। इस पर चुनाव आयोग चुप है। क्या ये मिलीभगत है। ये अलग-अलग गड़बड़ियां नहीं हैं। यह वोटों की चोरी है। इसे छिपाना ही कबूलनामा है।

#### महाराष्ट्र सीएम बोले- झूठ बोले कौवा काटे

महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राहुल के दावे पर कहा- ये कांग्रेस की हार से उपजा एक हताशा भरा दावा है। झूठ बोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो। यह साफ है कि महाराष्ट्र में आपकी पार्टी की अपमानजनक हार का दंश दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। आप कब तक अंधेरे में तीर चलाते रहेंगे? फडणवीस ने कहा- बेहतर होता कि आप (राहुल गांधी) ये पोस्ट करने से पहले अपने पार्टी



सहयोगियों, असलम शेख, विकास ठाकरे और नितिन राउत जैसे लोगों से बात करते। कम से कम कांग्रेस के भीतर संवाद की इतनी बड़ी कमी सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं होती।

#### फडणवीस ने गिनाई वो सीटें, जहां वोटर्स बढ़े और कांग्रेस+सहयोगी जीते

- पश्चिमी नागपुर में वोटर्स में 7% की (27065 मतदाता) वृद्धि हुई। कांग्रेस के विकास ठाकरे जीते।
- उत्तर नागपुर में 7% की वृद्धि (29,348 मतदाता) हुई। यहां कांग्रेस के नितिन राउत जीते।
- पुणे में वडगांव शेरी में 10% की बढ़ोतरी (50,911 मतदाता) के साथ शरद पवार गुट के बापू पठारे ने जीत हासिल की।
- मुंब्रा में 9% की वृद्धि (46,041 मतदाता) के साथ शरद पवार गुट के जितेंद्र आव्हाड ने जीत दर्ज की।

#### वेबकास्टिंग से पकड़ी गई थी चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली

राहुल गांधी का आरोप है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली हुई और राज्य में महायुति की सरकार बनी। राहुल ने चुनाव आयोग से वोटिंग सेंटर्स के वेबकास्टिंग की सीसीटीवी शेयर करने की मांग की थी, जिसे आयोग ने ठुकरा दिया। चुनाव आयोग ने कहा है कि ऐसा करने से वोट देने वाले और वोट न देने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी पर धांधली करके भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आरोप लगा था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीसीटीवी फुटेज चेक कराए गए, इसमें चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करते दिखे। इस पर चुनाव आयोग ने फिर से वोटिंग के आदेश दिए थे।

## भारत देशहित में कदम उठा रहा, भारतीयों का खून बहाने वालों को नहीं मिलेगा 'ठिकाना' : मोदी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को सामने ला दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।

#### विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य आज भी प्रासंगिक

पीएम मोदी ने कहा कि100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



#### सारी दुनिया देख रही मेरा लोगों के प्रति नाता-रिश्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।

### संसदीय प्राक्कलन समिति की दो दिवसीय बैठक का समापन, नए विमर्श पैदा करने में मिली कामयाबी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसदीय प्राक्कलन समिति की दो दिवसीय बैठक का मुंबई में मंगलवार समापन के साथ ही कई नये विमर्श पैदा करने में कामयाब रहा। संसदीय सिस्टम को कैसे अपेक्षाकृत कम खर्चीला रखा जा सके इस विषय पर मुंबई स्थित महाराष्ट्र विधानसभा में आयोजित प्रशासन में दक्षता और मितव्ययिता सुनिश्चित करने हेतु बजट प्राक्कलनों की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में प्राक्कलन समिति की भूमिका पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। राज्यसभा, लोकसभा के समिति के सदस्यों के अलावा महाराष्ट्र के अलावा अन्य सूबों के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने शिरकत किया। संसद एवं राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की विधानमंडलीय निकायों की प्राक्कलन समितियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एवं प्राक्कलन समिति अध्यक्ष संजय जायसवाल के साथ रायपुर के लोकप्रिय भाजपा सांसद और समिति के सदस्य बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा, नवीन जिंदल भी उपस्थित रहे। देशभर से पधारे सम्मानित जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विचार एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए।

### कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा भारत के लिए जारी यात्रा एडवाइजरी पर जताया कड़ा एतराज

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को विश्व को ₹मंगल₹ मेसेज दिया। उन्होंने ईरान और इज़रायल के बीच 12 दिनों से चल रहे युद्ध में सीजफायर की घोषणा की। इस घोषणा के अनुसार, कतर की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस मुद्दे पर चुप्पी ने भारत की वैश्विक छवि और नैतिक साख को लेकर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में मोदी सरकार की आलोचना की है, जिसमें पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत को

- **भारत को गाजा में इज़रायली बमबारी और अमेरिकी हस्तक्षेप की निंदा करते हुए अधिक नैतिक साहस दिखाना चाहिए था**

गाजा में इज़रायली बमबारी और अमेरिकी हस्तक्षेप की निंदा करते हुए अधिक नैतिक साहस दिखाना चाहिए था। उन्होंने इसे भारत की दीर्घकालिक कूटनीतिक पहचान के विपरीत बताया, जो हमेशा वैश्विक मुद्दों पर स्पष्ट और नैतिक दृष्टिकोण के लिए जानी जाती थी। भारत की तटस्थता को कुछ विश्लेषक इज़रायल के साथ बढ़ते रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंधों से जोड़ते हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का 'अधिकार' नहीं मिलता : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पत्नी की हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में शामिल था। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने उसे किसी भी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध



का अधिकार नहीं मिलता है। कोर्ट एक स्पेशल लीव पिटिशन पर सुनवाई कर रहा था। कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने से छूट मांगी थी। जस्टिस उज्जल भुयान ने कहा कि ब्लैक कैट कमांडो होने से आपको छूट नहीं मिलेगा। आप इतने फिट हैं कि पत्नी का अकेले ही गला घोंट सकते हैं। जिस तरह से आरोपी पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोपा है, उसे छूट नहीं दी जा सकती। जस्टिस विनोद चंद्रन ने कहा कि हाई कोर्ट भी कामांडो को किसी तरह की छूट देने से इनकार कर चुका है। कमांडो पर पत्नी की हत्या करने के लिए धारा 304बी के तहत केस दर्ज किया गया है।



आपातकाल



50 वर्ष

अवधेश कुमार

25 जून, 1975 की अर्धरात्रि को स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपनों, स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों और संविधान निर्माताओं की भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य की कल्पनाओं को रौंदते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से आपातकाल लागू करने के अध्यादेश पर हस्ताक्षर करवाए। देश के संविधान की धारा 352 में आंतरिक आपातकाल की व्यवस्था थी, किंतु उस धारा को ठीक से देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इंदिरा गांधी की सत्ता को कायम रखने, उनकी चाहत से देश चलाने तथा किसी भी विरोधी आवाज के सामने न आने की तानाशाही और हिटलरवादी सोच के तहत ही आपातकाल लागू किया गया।

# सत्ता के लिए संविधान की हत्या

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 25 जून, 1975 की अर्धरात्रि को स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपनों, स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों और संविधान निर्माताओं की भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य की कल्पनाओं को रौंदते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से आपातकाल लागू करने के अध्यादेश पर हस्ताक्षर करवाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और यह सरकारी गजट में शामिल भी हो गया। कांग्रेस और कुछ पार्टियां आज इसे भाजपा और संघ की राजनीति तथा सत्ता का दुरुपयोग घोषित कर रही हैं किंतु वर्तमान राजनीतिक माहौल से परे होकर आपातकाल लागू होने की परिस्थितियों, आपातकाल के दौरान विरोधी कार्यकर्ताओं नेताओं के दमन, उत्पीड़न, प्रेस की स्वतंत्रताओं के दमन तथा संविधान के साथ मनमानी छेड़छाड़ आदि को साथ मिलाकर देखें तो यह नामकरण उपयुक्त नजर आएगा। हालांकि यह सामान्य ट्रेजेडी नहीं है कि आज की राजनीति के अनेक चेहरे आपातकाल में जेल जाने वालों या उनके परिजनों के हैं और जिनकी राजनीति में हैसियत इसी कारण है कि वे कांग्रेस के साथ राजनीति के दबाव में अपनी अंतरात्मा की आवाज के विरुद्ध आपातकाल की आलोचना तक करने को तैयार नहीं हैं। तब इंदिरा गांधी और कांग्रेस के नेता और आज उनके समर्थक भी यही कहते हैं कि आपातकाल संविधान की धाराओं के तहत ही लगाया गया था। निस्संदेह, देश के संविधान की धारा 352 में आंतरिक आपातकाल की व्यवस्था थी, किंतु संविधान सभा में हुई बहस और उस धारा को ठीक से देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इंदिरा गांधी की सत्ता को कायम रखने, उनकी चाहत के आधार पर देश चलाने तथा किसी भी विरोधी आवाज के सामने न आने की तानाशाही और हिटलरवादी सोच के तहत ही आपातकाल लागू किया गया। आखिर आपातकाल के पीछे कारण क्या थे? इसका तात्कालिक और मूल कारण 12 जून, 1975 का इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिंह का इंदिरा गांधी के रायबरेली से निर्वाचन को अवैध करार देने का आदेश था। 1971 के आम चुनाव में रायबरेली क्षेत्र से पराजित विपक्ष के नेता राजनारायण ने चुनाव में धांधली तथा सरकारी मशीनरी के व्यापक दुरुपयोग का मामला दर्ज कराते हुए चुनाव परिणाम रद करने की अपील की थी। न्यायालय ने इंदिरा गांधी को इसका दोषी पाते हुए न केवल अयोग्य घोषित कर दिया बल्कि 6 साल के लिए उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी। इसके बाद न वह संसद की कार्यवाही में भाग ले सकती थी और न प्रधानमंत्री के रूप में भूमिका निभा सकती थी। समान लोकतांत्रिक व्यवस्था में उच्चतम न्यायालय में अपील से अगर इस आदेश को स्थगन नहीं मिलता तो उन्हें त्यागपत्र देना चाहिए था। इंदिरा और तत्कालीन कांग्रेस पार्टी ने इसके विपरीत पूरे संविधान की हत्या करते हुए हर हाल में प्रधानमंत्री बने रहने का उपाय शुरू किया। न्यायालय के फैसले के विरुद्ध 20 जून को शक्ति प्रदर्शन के लिए कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के समर्थन में दिल्ली में एक बड़ी रैली की। इसमें पहली बार इंदिरा गांधी के साथ पूरा परिवार उपस्थित था और उन्होंने देश की सेवा में



अपने साथ परिवार का नाम लिया। प्रकारांतर से वे समर्थकों को यही कह रही थी कि देश और हमारा परिवार एक दूसरे के पर्याय हैं और हमें ही सत्ता के हमारे अधिकार से वंचित किया जा रहा है। तब देश की पूरी तस्वीर को देखें तो भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद और सत्ता की लंपटयी एवं शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त दोषों के विरुद्ध आंदोलन और हड़ताल चल रहे थे। लोगों में आक्रोश था। आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब थी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध गुजरात के छात्रों ने 'नवनिर्माण आंदोलन' प्रारंभ किया था। उनकी मांग थी, 'भ्रष्ट चिमन पटेल की सरकार को बर्खास्त किया जाए'। जन आक्रोश के सामने सरकार नहीं टिक सकी। गुजरात विधानसभा बर्खास्त हुई, चुनाव में जनसंघ, संगठन कांग्रेस, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी जैसे दलो के 'जनता मोर्चा' 182 सदस्यों की विधानसभा में 86 पर विजय प्राप्त की तथा आठ निर्दलीयों का उन्हें समर्थन मिला। बाबू भाई पटेल के नेतृत्व में जनता मोर्चा की सरकार का गठन इंदिरा के लिए सहन करना संभव नहीं था। बिहार में भी इसी तरह आंदोलन चल रहा था। छात्रों के आग्रह पर जयप्रकाश ने इसका नेतृत्व संभाला। इसी पृष्ठभूमि में 12 जून को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला आया था। 25 जून को रामलीला मैदान में विपक्ष की पहली ऐसी रैली हुई जिसमें देश भर से बड़ी संख्या में जन समूह उमड़ा। एक स्वर से इंदिरा गांधी के त्यागपत्र की मांग की गयी। 29 जून से आंदोलन करने की घोषणा की गई तथा जयप्रकाश ने पुलिस सहित सुरक्षा बलों से सरकार की बात न मानने की अपील की क्योंकि उनके अनुसार न्यायालय के फैसले के बाद इंदिरा गांधी का सत्ता से संवैधानिक और नैतिक अधिकार समाप्त हो चुका था। बताते हैं कि इंदिरा गांधी राष्ट्रपति भवन पहुंची और राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को समझाया तथा उन्होंने एक कांग्रेसी के रूप में रात 11.45 बजे आपातकाल के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया। आपातकाल लागू होते ही संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 के अंतर्गत सभी भारतीयों को प्राप्त मौलिक अधिकार समाप्त हो गए। मीसा या मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट अर्थात आंतरिक सुरक्षा अधिनियम एकमात्र कानून हो गया जिसके तहत पुलिस और प्रशासन काम करने लगा। प्रत्यक्ष दिखते विरोधी नेता ही नहीं, गांव से शहरों तक जिन पर भी विरोधी होने का संदेह आता, उनके लिए क्रूरता का पहाड़ टूट पड़ता। जयप्रकाश सहित सारे विरोधी नेता जहां जिस शहर में थे वहीं गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए। दूसरे संगठनों के नेताओं के साथ भी ऐसा ही होने लगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित 26 संगठन हालांकि 4 जुलाई को प्रतिबंधित हुए लेकिन उनके कार्यकर्ताओं, नेताओं की गिरफ्तारी पहले ही शुरू हो गई थी। आपातकाल में इंदिरा सरकार ने 48 अध्यादेश जारी किए। सबसे विवादास्पद 42वां संशोधन था जिसने न्यायपालिका की शक्ति को कम कर दिया। इस संशोधन ने संविधान की मूल संरचना को बदल दिया था। संविधान की प्रस्तावना को बदलकर समाजवादी, सेक्युलर और अखंडता शब्द शामिल हुआ। अंग्रेजों के बाद पहली बार प्रेस यानी समाचार पत्र, पत्रिकाएं और पत्रकार इस तरह सेंसरशिप और कानूनी दमन के शिकार हुए। इन सबको कोई संविधान की निर्मम हत्या की बजाय और क्या नाम दे सकता है? 25 जून, 1975 से 21 मार्च 1977 तक पूरे 21 माह देश का संविधान, न्यायालय सब ताक पर तथा एक नेता और उनके लोगों के शब्द ही संविधान, कानून और परंपराएं बन गई। संविधान बचाओ की रट लगाने वाले लोग जरा दिल पर हाथ रखकर सोचें कि जिनकी गिरफ्तारियां हुईं उनके परिवार के साथ क्या बीती, इसकी कहानियों से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पूरा पुलिस प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह जब काम कर रहा था तो फिर लोगों पर क्या बीती होगी, इसकी कल्पना की जा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

आपातकाल

डॉ. योगिता राघव




# महिला दमन, प्रतिरोध और सशक्तिकरण की गाथा

आज देश उस काले अध्याय की पचासवीं बरसी पर खड़ा है, जिसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आपातकाल के नाम से जाना जाता है। यह 21 महीने की अवधि न केवल राजनीतिक उथल-पुथल, सेंसरशिप और मौलिक अधिकारों के निलंबन के लिए जानी जाती है, बल्कि इसने भारतीय समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। यह अवधि सिर्फ राजनीतिक दमन की ही नहीं, बल्कि महिलाओं पर हुए अत्याचारों और मानवाधिकार हनन की एक दुखद गाथा भी है। आपातकाल के पचास वर्ष बाद, यह आवश्यक है कि हम इस दौर में महिलाओं की भूमिका और अनुभवों पर एक व्यापक दृष्टि डालें, जो दमन, प्रतिरोध और अंततः सशक्तिकरण की एक जटिल गाथा है। आपातकाल के दौरान, सरकार द्वारा थोपे गए कठोर नियमों का महिलाओं पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजनीतिक विरोधियों की पत्नियों, माताओं और बहनों को अक्सर निशाना बनाया गया, उन्हें बेवजह हिरासत में लिया गया, धमकाया गया और प्रताड़ित किया गया। कई महिला कार्यकर्ताओं, जैसे कि जॉर्ज फर्नांडिस की पत्नी लैला फर्नांडिस, मधु लिमये की पत्नी पुष्पा लिमये को बिना किसी आरोप के जेल में डाल दिया गया। मीसा (आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम) के तहत हजारों गिरफ्तारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्हें अक्सर पुरुष रिश्तेदारों की अनुपस्थिति में घरों से उठा लिया गया था। सेंसरशिप का प्रभाव केवल सूचना तक पहुंच पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इसने महिलाओं के दैनिक जीवन को भी प्रभावित किया। प्रेस पर प्रतिबंधों के कारण लैंगिक हिंसा, घरेलू दुर्व्यवहार और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों की रिपोर्टिंग लगभग असंभव हो गई, जिससे वे और भी अधिक असुरक्षित हो गईं। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत थोपी गई नसबंदी के अभियान ने भी महिलाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। जहां पुरुषों को जबरन नसबंदी का सामना करना पड़ा, वहीं महिलाओं को भी इस अभियान का शिकार बनाया गया, अक्सर बिना उनकी सहमति के या उन्हें पर्याप्त जानकारी दिए बिना। यह उनके शारीरिक स्वायत्तता का घोर उल्लंघन था। आपातकाल में जिन समुदायों को सबसे ज्यादा दमन झेलना पड़ा, उनमें दलित, आदिवासी और विशेषकर गरीब और हाशिये पर खड़ी महिलाएं भी थीं। पुलिसिया उत्पीड़न, सामूहिक बलात्कार, झूठे केसों में फंसाना और हिरासत में अमानवीय व्यवहार, ये घटनाएं उस दौर के काले सच को बयां करती हैं। हाशिए पर खड़ी इन महिलाओं को न्याय तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था, क्योंकि न्यायपालिका भी तब सत्ता के आगे झुकी हुई थी। इस दौर में जहां अधिकांश लोग डर और दमन के चलते चुप थे, वहीं कई महिलाओं ने साहसिक नेतृत्व दिखाया। दमन के इस अंधकार में भी प्रतिरोध की मशालें जलीं। महिलाएं भूमिगत आंदोलनों का हिस्सा बनीं, गुप्त बैठकों, साहित्य वितरण और विरोध आयोजनों में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। कई महिलाएं पत्रकारों और कार्यकर्ताओं के लिए संदेशवाहक बनीं और जोखिम उठाकर लोकतंत्र की लौ जलाए रखी। जेलों के भीतर भी महिलाओं ने प्रतिरोध की भावना बनाए रखी। उन्होंने राजनीतिक कैदियों के अधिकारों के लिए आवाज़ उठाई, भूख हड़ताल की और एकजुटता प्रदर्शित की।

इंदिरा गांधी की नीतियों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज़ों में से कुछ महिलाएं थीं, जिन्होंने खुले तौर पर सरकार की आलोचना की, भले ही उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़े। जेपी आंदोलन में युवा छात्राओं से लेकर गृहिणियों तक की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सुचित्रा कृपलानी, अरुणा आसफ अली, उमा भारती, मीनाक्षी मुखर्जी जैसी महिलाएं उस समय सरकार के विरुद्ध स्पष्ट और दृढ़ विरोध की प्रतीक बनीं। समाजसेवी और कार्यकर्ता मृणालिनी साराभाई जैसी कई महिलाओं ने कला और संस्कृति के माध्यम से विरोध व्यक्त किया और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। यह अनुभव बताता है कि जब लोकतंत्र खतरे में होता है, तब महिलाएं सिर्फ पीड़िता नहीं होतीं, वे संघर्ष की अग्रिम पंक्ति में होती हैं। यह वह दौर था जिसने भारतीय महिलाओं को न केवल अपनी आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें एक ऐसे भविष्य की ओर धकेला जहां वे अपने अधिकारों के लिए लड़ सकें और समाज में अपनी जगह बना सकें। आज, जब हम लोकतंत्र के 75 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि महिलाओं की स्वतंत्रता और समान भागीदारी के बिना कोई लोकतंत्र पूर्ण नहीं हो सकता। आपातकाल की स्मृति हमें इसी सच्चाई की याद दिलाती है।

(लेखिका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गुरुग्राम अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है




संकलित

प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### क्या यही है भारत की वास्तविकता?

अमेरिका के विदेश विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि भारत में बढ़ते अपराध व विशेषकर बलात्कार की घटनाओं को देखते हुए अमेरिका की महिलाएं अकेले यात्रा न करें। वास्तव में देखा जाए तो यह खबर समूचे भारत के लिए शर्मसार करने के साथ चिंताजनक है। अमेरिका की नजर में भारत अपराधों व बलात्कारियों का देश है। अपराधी व बलात्कारी को कानून व सजा का कोई खौफ नहीं है। ऐसे प्रकरणों में गुनाहगार को समय-सीमा में कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलना भी अपराधियों के हौसले बुलंद करने वाला है। बढ़ते अपराध व बलात्कार के कारण देश का नाम व छवि खराब हो रही है। सोचने वाली बात है कि जिस देश में कन्याओं की पूजा की जाती है, उसी देश में कन्याएं व महिलाएं असुरक्षित क्यों हैं? *-विजय सक्सेना, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# खाड़ी देशों में पहली बार ओमान लगाएगा इनकम टैक्स




ओमान ने एक बड़ा ऐलान किया है। वह खाड़ी देशों के समूह (जीसीसी) में पहला ऐसा देश बन गया है, जो नागरिकों पर इनकम टैक्स लगाएगा। यह फैसला 23 जून 2025 को रॉयल डिक्री यानी शाही फरमान के जरिए जारी किया गया। नया टैक्स साल 2028 से लागू होगा और सिर्फ उन लोगों को देना होगा, जो सालाना 1.09 लाख डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपये) से ज्यादा कमाते हैं। ये ओमान के टॉप 1% अमीर लोग होंगे। ओमान की अर्थव्यवस्था आज भी तेल और गैस पर निर्भर है। देश की 85% सरकारी आमदनी सिर्फ इन्हीं से आती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम घटने-बढ़ने से ओमान की अर्थव्यवस्था हिल जाती है। इस निर्भरता को कम करने के लिए ओमान ने यह कदम उठाया है। अर्थव्यवस्था मंत्री सईद बिन मोहम्मद अल-सकरी के मुताबिक, यह टैक्स 'तेल से होने वाली आमदनी के बदले एक नया स्रोत बनेगा और देश को तेल बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाएगा'। टैक्स के नियम कुछ इस तरह बनाए गए हैं कि आम लोगों पर बोझ न पड़े। शिक्षा, स्वास्थ्य, दान, जकात (धार्मिक कर) और पहला घर खरीदने जैसे खर्चों पर टैक्स में छूट मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे सामाजिक स्थिरता बनी रहेगी और लोगों की जिंदगी पर असर नहीं पड़ेगा।

## ऑफ बीट


# कुछ लोग गति रोग से क्यों पीड़ित होते हैं



कारें भले ही आधुनिक जमाने की हों, लेकिन गति रोग (मोशन सिकनेस) नया नहीं है। 2,000 साल से भी ज़्यादा वक्त पहले, चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स ने लिखा था, समुद्र में नौकायन से यह साबित होता है कि गति शरीर में विकार लाती है। चाहे आप नौका, कार, हवाई जहाज में हों या रोलरकोस्टर की सवारी कर रहे हों, गति रोग (जिसे यात्रा संबंधी बीमारी या समुद्री बीमारी भी कहा जाता है) से आपको उबकाई, उल्टी, पसीना आना, पीलापन, मतली, चक्कर और थकान महसूस हो सकती है। कुछ लोगों को टेलीविज़न शो में चक्कर आने वाले दृश्य देखना या चलने के बारे में सोचना चक्कर आने जैसा महसूस हो सकता है। वीडियो गेम खेलना या 'वर्चुअल रियलिटी हेडसेट' का उपयोग करना भी गति रोग का कारण बन सकता है। इस मामले में, इसे साइबरसिकनेस कहा जाता है। लेकिन ऐसा क्यों होता है? और इसका असर हर किसी पर क्यों नहीं पड़ता? गति रोग असली गति या महसूस की गई काल्पनिक गति की प्रतिक्रिया में हो सकता है। हम गति रोग (मोशन सिकनेस) के पीछे के वास्तविक तंत्र को नहीं समझ पाए हैं, हालांकि इसके बारे में विभिन्न परिकल्पनाएं हैं।

## ट्रेंड

### स्थायी विकास की नींव



हम पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित शासन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आंध्र प्रदेश के लोगों के समर्थन से, हमने अतीत के नुकसान को कम करना शुरू कर दिया है और वास्तविक, स्थायी विकास की नींव रखी है।

**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### प्रगति की समीक्षा



'लहुरी काशी" गाजीपुर के विकास को आधुनिक अधोसंरचना, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, कृषि-निर्यात हब, औद्योगिक इकाइयों और गंगा तट पर्यटन से नई ऊर्जा मिल रही है। आज जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

**-योगी आदित्यनाथ्य, सीएम, उप्र**

### डिजिटल मतदाता सूची



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में, मतदाता सूची में केवल 5 महीनों में 8% की वृद्धि हुई। हम मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### सुंदर वादियां



खुशनुमा मौसम के साथ प्रकृति की सुंदरता का करीब से दीदार करना चाहते हो तो सराज की जंजैहली घाटी अवश्य पधारें। इन दिनों यहां पर्यटकों की काफी आवाजाही बढ़ गई है। जंजैहली से अन्य सुंदर वादियों के लिए भी मार्ग जाते हैं।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में ताकत, तकनीक और संयम का परिचय दिया

# नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिपः आज होंगे फाइनल मुकाबले

## हरियाणा पुलिस के एसीपी एवं अर्जुन अवार्डी जयभगवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंगलवार को मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में जबरदस्त ताकत, तकनीक और संयम का परिचय दिया। हरियाणा पुलिस के एसीपी एवं अर्जुन अवार्डी जयभगवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि यह चैंपियनशिप हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश के. सरहदी, रविंद्र पन्नू महासचिव, महम बॉक्सिंग संघ से पूर्ण फौजी सहित रोहतक के सचिव संदीप मौर मौजूद रहे।



⏭ प्रतियोगिता में 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमें ले रही भाग



### सभी राज्यों के खिलाड़ी जोश में

*इस चैंपियनशिप में देश के 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता, स्फूर्ति और रिंग में मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया है। अब चैंपियनशिप अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है।*

### लड़कियों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम में**
लक्ष्मी
खुशी चंद
**46 से 48 किलोग्राम में**
लक्ष्मी लमानी
जिया
**48 से 50 किलोग्राम में**
भक्ति
अहाना शर्मा
**50 से 52 किलोग्राम में**
सिमरन
नैतिक
**52 से 54 किलोग्राम में**
मारिया
चंद्रिका पुजारी
**54 से 57 किलोग्राम में**
राधामणी
हर्षिता कुमारी
**57 से 60 किलोग्राम में**
हर्षिता
चाहत
**60 से 63 किलोग्राम में**
दिया
प्राची
**63 से 66 किलोग्राम में**
हमूर कौर
प्रिया
**66 से 70 किलोग्राम में**
हिमांशी
बरिना
**70 से 75 किलोग्राम में**
शिवानी तूर
ज्योति
**75 से 80 किलोग्राम में**
दिक्षा
प्राची खत्री
**80 से अधिक किलोग्राम में**
अंशिका
अनुष्का दुहन

### लड़कों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम में**
ध्रुव खर्ब
उदय सिंह
**46 से 48 किलोग्राम में**
फलक
प्रियांशू वर्मा
**48 से 50 किलोग्राम में**
प्रियांशू
लंचेबा सिंह
**50 से 52 किलोग्राम में**
आदित्य
टिकम सिंह
**52 से 54 किलोग्राम में**
उधम सिंह राघव
आशिश
**54 से 57 किलोग्राम में**
रितेश कुमार
लक्की बोडवाल
**57 से 60 किलोग्राम में**
साहिल दुहन
आर्यन
**60 से 63 किलोग्राम में**
लक्ष्य बलहारा
अमन सिवाच
**63 से 66 किलोग्राम में**
नैतिक
अनंत देशमुख
**66 से 70 किलोग्राम में**
प्रियांश सहरावत
अर्जुन
**70 से 75 किलोग्राम में**
भव्य प्रताप
देवेंद्र चौधरी
**75 से 80 किलोग्राम में**
जयदिप सिंह
हिमांशू यादव
**80 से अधिक किलोग्राम में**
राहुल
लोविन गुलिया

# गेंदबाजों ने किया निराश, इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारत को पांच विकेट से हराया



- फील्डर्स ने 9 कैच छोड़े
- डकेट ने शतक लगाया
- इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे

एजेंसी ⏭ लीड्स

भारतीय गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन और ढीली फील्डिंग का पूरा फायदा उठाते हुए बेन डकेट के शानदार शतक की मदद से इंग्लैंड ने 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल करके पहले टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार को भारत को पांच विकेट से हराया। डकेट ने 170 गेंद में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से 149 रन बनाये जबकि जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी करके भारत की मैच में वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिये थे । इसके बाद जो रूट ने 53 और जैमी स्मिथ ने 44 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पांच मैचों की श्रृंखला में अब इंग्लैंड 1-0 से आगे है। भारत की ओर से इस मैच में पांच शतक बने लेकिन इसके बावजूद टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके लिये खराब क्षेत्ररक्षण भी जिम्मेदार रहा चूंकि भारतीयों ने कई कैच टपकाये। जसप्रीत बुमराह को दूसरे छोर से गेंदबाजी में सहयोग नहीं मिल पाने से भी भारत की मुश्किलें बढी। भारतीय गेंदबाजों ने सिर्फ दूसरी पारी में ही 44 चौके और तीन छक्के दे डाले। पहली पारी में 54 चौके और पांच छक्के लगे थे। दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में अभी समय है लेकिन गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव तय है ताकि मैच में पूरे 20 विकेट लिये जा सकें। आखिरी सत्र में रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उस समय इंग्लैंड को 69 रन की जरूरत थी लिहाजा रूट ने 150 से अधिक टेस्ट के अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल करके युवा स्मिथ के साथ मेजबान को मंजिल तक पहुंचाया। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने चार कैच टपकाये। कप्तान गिल की अनुभवहीनता भी साफ नजर आई जिनके कुछ फैसले और रणनीति सटीक नहीं रही।

# नीरज चोपड़ा ने गोल्डन स्पाइक मीट खिताब जीता

भाषा ⏭ ओस्ट्रावा



पेरिस डायमंड लीग जीतने के चार दिन बाद भारत के भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक मीट में पहली बार खेलते हुए खिताब अपने नाम किया। चोपड़ा ने 20 जून को पेरिस डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने यहां विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के गोल्ड टूर्नामेंट में नौ खिलाड़ियों के बीच 85.29 मीटर का थ्रो फेंकते हुए खिताब जीता। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है। 27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता।

## दिल्ली की भव्या सचदेवा राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में चमकी

**भुवनेश्वर।** दिल्ली की भव्या सचदेवा ने यहां सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को महिलाओं की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में नये मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भव्या ने 17.35.07 का समय निकालकर पीला तमगा अपने नाम किया। ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय ने कांस्य पदक जीता जो उनका दूसरा व्यक्तिगत पदक है। कर्नाटक की रूजुला एस ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 26.36 सेकंड का समय निकालकर नये मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्यन नेहरा ने पुरूषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण जीता जबकि कुशाग्र रावत को रजत और अनीश गौड़ा को कांस्य पदक मिला।

## ललित-दास को मुंबई अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त

**मुंबई।** भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की।






# नक्सलवाद गरीब आदिवासियों के विकास का सबसे बड़ा दुश्मन, मार्च 2026 तक हम इसे समाप्त करके रहेंगे

*हरिभूमि-आईएनच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ साक्षात्कार में श्री शाह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम हर हाल में छत्तीसगढ़ को लाल आतंक से मुक्त करके रहेंगे। हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे, लेकिन इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जायेगा। मैं फिर कह रहा हूं कि मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।*

**मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष पूरे किए हैं। इन 11 वर्षों की क्या खास उपलब्धियां रहीं हैं ?**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष ऐतिहासिक विकास और परिवर्तन के रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विदेशी साख और गरीब उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। 2014 से पहले का भारत निराशा से घिरा था। जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर, सरकारी योजनाओं में लूट और राजनीति में परिवारवाद का बोलबाला था। लेकिन मोदी सरकार ने आम लोगों, गरीबों, किसानों, महिलाओं और हर जरुरतमंद का ख्याल रखा है। 11 वर्ष पहले देश पूरी तरह से आयात आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप जैसी योजनाओं से मैन्युफैक्चरिंग को गति दी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्टर बना। 2013-14 में भारत का कैपिटल एक्सपेंडिचर 1.9 लाख करोड़ रुपए था, वो 11 वर्षों में 5.5 गुना से अधिक बढ़कर 10.46 लाख करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2024-25) हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट 7.6 बिलियन डॉलर से पिछले 11 वर्षों में बढ़कर 38.6 बिलियन डॉलर हो गया है। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार 309 बिलियन डॉलर से दोगुना होकर 654 बिलियन डॉलर हो गया है। हाईवे बनाने की प्रतिदिन की रफ्तार 12 किमी. से बढ़कर 21.3 किमी. हो गई है। एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है। मेट्रो रेल नेटवर्क 248 किमी. से 1000 किमी. हो गया है। पिछले 11 साल में 55 करोड़ नए बैंक अकाउंट को खोले गए। इन अकाउंट में 2.61 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। साथ ही नक्सलवाद और आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाए गए। तीन नए कानून से साक्ष्य आधारित न्याय सुनिश्चित करने से लेकर डिफेंस एक्सपोर्ट पर जोर दिया गया। मोदी सरकार में कश्मीर से 370 धारा हटाकर ऐतिहासिक भूल को सुधारा गया। चाहे तीन तलाक को खत्म करना हो, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना हो, वक्फ संशोधन या जीएसटी लाना हो, मोदी सरकार के 11 वर्ष ऐतिहासिक परिवर्तन का कालखंड रहा। मोदीजी की सबसे बड़ी उपलब्धि देखें तो, उन्होंने अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ राष्ट्र के आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

**विपक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार आने के बाद चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्र नहीं रहीं। सरकार का शिकंजा इन पर कसा है। इस पर आपकी राय ?**

विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस को ऐसी बात करने का हक नहीं है। आपातकाल किसकी देन थी? क्या राहुल गांधी भूल गए कि कैसे आपातकाल लगाकर उनकी दादी ने देश को लगातार 21 माह तक बंधक बनाए रखा था। न्यायपालिका और चुनाव आयोग की शक्तियां छीन ली गई। मनमाने तरीके से कानून संशोधन कर दिए गए। आपातकाल के खिलाफ आंदोलन करने वाले समाजसेवी, महिलाओं, आदिवासी, पिछड़े और विपक्ष के लोगों को जेल में डाल दिया गया। मीडिया के अखबार निकालने पर रोक लगा दी गई। मैं पूछता हूं, आपको लिखने और बोलने की स्वतंत्रता नहीं है क्या?

**विपक्ष तो यह भी कहता है कि ईडी और सीबीआई भाजपाई और उनके सहयोगी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। कितना सही मानते हैं आप इस आरोप को ?**

अगर कोई भ्रष्टाचार करता है, तो उसे इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता है कि वो विपक्ष में है। जो भ्रष्टाचार करेंगे उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। जिनके घर से करोड़ों-अरबों रुपए निकल रहे हैं, क्या उन्हें विपक्ष दल के नेता होने की वजह से छोड़ दें।

**विपक्ष का कहना है कि पड़ोसियों के साथ हमारे संबंध खराब हुए हैं। बांग्लादेश हमसे दूर हो गया है। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते खराब हैं। चीन भी हमसे कटा हुआ है।**

पड़ोसियों के साथ रिश्ते दोनों देशों पर निर्भर करते हैं। पाकिस्तान आतंकवाद फैलाएगा, जम्मू कश्मीर में आतंक को एक्सपोर्ट करेगा, तो भारत कैसे बातचीत कर सकता है?

***ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर से पड़ोसी देशों के साथ संबंध को लेकर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को कैसे देखते हैं?***

ऑपरेशन सिंदूर ने तीन चीजों का परिचय दिया। प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति, सेनाओं की मारक क्षमता व खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी। हमारी सेना ने अपने सभी लक्ष्य को पूरी सटीकता से हासिल किया। आतंकी हमलों के जवाब के इतिहास में ऑपरेशन सिंदूर सबसे सटीक और सभी उद्देश्यों की पूर्ति करने वाला अभियान था। हमारी जमीन और नागरिकों पर कोई भी हमला करेगा, तो उसे दोगुना ताकत से जवाब दिया जाएगा। हम कांग्रेस नहीं है, जो डरकर बैठ जाएं। भारत पर हमले होते रहें और भारत चुप रहे ये मोदी सरकार में संभव नहीं है। हम गोली का जवाब गोले से देंगे।हमारी सरकार में उरी और पुलवामा हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दोगुनी ताकत से जवाब दिया। जब पहलगाम हुआ, तो पाकिस्तान के 100 किमी अंदर जाकर आतंक के हेडक्वॉर्टर को नेस्तानाबूत कर दिया। हमने मुजफ्फराबाद, सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर सहित 9 आतंकी अड्डों को तबाह किया। सुरक्षा एजेंसियों, इनपुट के आधार पर हमारी सेना ने बेहद सटीकता, संयम और धैर्य से पाकिस्तान के केवल आतंकी हेडक्वॉर्टर पर हमला किया। लेकिन पाकिस्तानी सेना ने उसे खुद पर हमला माना और भारत के निर्दोष नागरिकों पर हमला किया, लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के एयरबेस और वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। यह पहली बार है जब भारत ने किसी न्यूक्लियर देश पर सफल ऑपरेशन किया है।





**स्थानीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार पर आपका बहुत जोर रहता है, जो पहले कभी किसी गृहमंत्री का नहीं देखा गया है और हिंदी को लेकर आपका आग्रह बहुत दिखता है। लेकिन तमिलनाडु जैसे राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदी इम्पोज करने की बात करते हैं। इस पर आपकी राय क्या है?**

देखिए, सभी भारतीय भाषाएं मेरे लिए प्रिय हैं। सभी भारतीय भाषाएं एक दूसरे की सखी हैं। किसी भारतीय भाषा की दूसरी भाषा से स्पर्धा नहीं है, सभी एक दूसरे की पूरक हैं। रही बात तमिलनाडु की, तो तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद में डूबी स्टालिन सरकार अपने घपले-घोटाले छुपाने के लिए भाषा को मुद्दा बना रही है। आपको बताता हूं हमने स्थानीय भाषाओं के लिए क्या क्या कदम उठाए। हमारी सरकार में आई शिक्षा नीति में हमने मातृ भाषा में प्राइमरी, टेक्निकल और मेडिकल शिक्षा का प्रावधान रखा है। अब सीएपीएफ के कांस्टेबल जीडी की परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होती है। जीईई, नीट, यूजीसी की परीक्षाएं भी अब 12 भाषाओं में होती हैं, अब तमिलनाडु का बच्चा अपनी स्थानीय भाषा में भी ये परीक्षाएं दे सकेगा। वहीं इंजीनियरिंग शिक्षा आज तमिल, तेलुगू, मराठी, बंगाली, मलयालम, गुजराती में उपलब्ध है और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की किताबें भी हिन्दी में उपलब्ध हैं।

तमाम विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि बिहार में भाजपा अपने दम पर सरकार बना सकती है। नीतिश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर भी बहुतेरी चर्चाएं होती हैं। क्या बिहार को अगले चुनाव में भाजपा का मुख्यमंत्री मिलने वाला है। एनडीए सरकार बिहार में सरकार बनाने जा रही है।

देखिए, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा के लिए गठबंधन धर्म सर्वोपरि है और भाजपा हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करती है। बिहार में एनडीए बहुत मजबूत है। एनडीए एक साथ चुनाव लड़ेगा और बिहार में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के आसार देख पा रहे हैं?

निश्चित ही परिवर्तन होगा। ममता सरकार के भ्रष्टाचार और हिंसा से पश्चिम बंगाल की जनता त्रस्त है। भाजपा इस बार अप्रत्याशित प्रदर्शन करने जा रही है।

## कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चला ऑपरेशन था बेहद सफल

लम्बी प्रतीक्षा के बाद जनगणना की घोषणा हुई, नोटिफिकेशन आया। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि आपने नोटिफिकेशन में जातिगत जनगणना की चर्चा ही नहीं की?

प्रधानमंत्री मोदी जी और मैंने कई बार कहा है कि जातिगत जनगणना होगी और मैं एक बार फिर कह रहा हूँ कि जनगणना के साथ ही जातिगत जनगणना को भी किया जाएगा। गृह मंत्रालय की तरफ से तीन प्रेस रिलीज 30 अप्रैल, 4 जून और 15 जून 2025 को जारी हुई। इन तीनों में भी कहा गया है कि इस बार की जनगणना में जातीय गणना भी की जाएगी। मैं आपको बता दूं कि जनगणना का नोटिफिकेशन एक तरह से इंटेंट होता है। ऐसे में इसे लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए।

और कब तक जनगणना की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी? और क्या ये हिंदी और अंग्रेजी में होगी?

हमारी सरकार टेक्नोलॉजी के उपयोग से जनगणना करेगी, इसलिए पहले जनगणना में जितना समय लगता था, इस बार उससे कम समय लगेगा। जनगणना को लेकर एक ऐप बनाया जा रहा, जो स्थानीय भाषों में भी उपलब्ध होगा। इस ऐप के माध्यम से लोगों की जानकारियां अपलोड की जाएंगी।

छत्तीसगढ़ तेलंगाना की सीमा पर कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर देश का सबसे बड़ा आपरेशन चलाया गया। ऐसा दावा है कि नक्सली लीडरों को वहां घेरकर रखा गया और बड़े अफसर भी मान रहे थे कि फोर्स को बड़ी सफलता मिलेगी। परंतु क्या आपको आशा के अनुरुप सफलता मिली?

देखिए, कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाया गया नक्सल विरोधी अभियान बेहद सफल रहा है। इस अभियान के 21 दिनों में 31 नक्सलियों को ढ़ेर किया गया। ये पहला ऐसा इतना बड़ा अभियान रहा, जिसमें एक भी जवान की शहादत नहीं हुई। साथ ही, भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे। कुर्रेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ रहा है, जहां नक्सली प्रशिक्षण लेते थे और हथियार बनाते थे। उनकी हथियार बनाने वाली 3 लेथ मशीने बरामद हुई, बीजीएल सेल और आईईडी बनाने वाली 3 यूनिट्स को बर्बाद किया, 214 बंकर ध्वस्त किये गए, जहां लाल आतंक की गूंज थी, वहां आज तिरंगा लहरा रहा है। नक्सल के विरुद्ध इस अभियान में सुरक्षा बल 42 से 45 डिग्री के तापमान, दुर्गम क्षेत्रों में बीहड़ों में मोर्चा संभालते हैं। ये सीरीज ऑफ ऑपरेशन हैं और सभी नक्सल अभियान हमारे लिए बड़े ही होते हैं। हम हर एक नक्सली तक पहुंचेंगे।

दशकों पुरानी नक्सलवाद समस्या को खत्म करना आसान नहीं है। ऐसे में किस तरह से इतनी पुरानी समस्या में सफलता मिल रही है। अब तक कितने नक्सलियों को मार गिराया गया है? और कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है?

देखिए, हमारी सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक मल्टी-डायमेंशनल एप्रोच लिया। हमने पहले की सरकारों की डिफेंसिव रणनीति को छोड़ ओफेंसिव रणनीति अपनाई है। जो क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहे हैं, वहाँ सुरक्षा वैक्यूम भरने के लिए कैंप बनाये जा रहे हैं, उन क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है और गरीब कल्याण की योजनायें पहुंचाई जा रही हैं। अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नक्सल गतिविधियों की सटीक निगरानी और विश्लेषण किया जा रहा है। साथ ही, लोकेशन ट्रैकिंग, मोबाइल फोन की गतिविधियों, साइंटिफिक कॉल लॉग्स और सोशल मीडिया एनालिसिस जैसी तकनीकों के जरिए नक्सलियों की हरकतों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि नक्सलवाद की हिंसक घटनाएं जो 2004-14 में 16,463 थी वो 52 फीसदी घटकर 7,856 रह गयी हैं। ऐसे ही सुरक्षा बलों की मृत्यु में 71 फीसदी और नागरिकों की मृत्यु में 68 फीसदी की कमी आई है। पिछले वर्ष ही 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया, 1090 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 881 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2025 में ही 226 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया गया, इस वर्ष 886 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 23 मई 2025 को ही बीजापुर में 24 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर किया। पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई जनरल सेक्रेटरी लेवल का नक्सली बसवराज मारा गया, यह एक बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गए नक्सल विरोधी ऑपरेशनों के कारण आज नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़, चक्रबंधा, करेंगुट्टा पहाड़ी, अबूझमाड़ जैसे इलाके नक्सल मुक्त हो गए हैं।



एक तरफ आप नक्सलियों को मार रहे हैं, दूसरी तरफ उनसे आत्मसमर्पण की बात कहते हैं?

मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है अगर कोई हिंसा के रास्ते पर चला गया है, तो सरकार उसे हथियार छोड़ने की अपील करके समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का मौका दे रही है। नक्सली आत्मसमर्पण करके विकास की यात्रा से जुड़कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार में आत्मसमर्पण के लिए लुभावनी नीति बनाई गई है। अगर नक्सली हथियार नहीं छोड़ते हैं, तो उन्हें सुरक्षा बलों का सामना करना ही होगा।

इससे जुड़ा सवाल है और यह छत्तीसगढ़ बड़ी चर्चा का विषय है। छत्तीसगढ़ को बस्तर से बेहद प्रेम है। लोग जानना चाहते हैं कि नक्सलियों के खात्मे के बाद वहां के जंगल और पहाड़ औद्योगिकरीकरण की भेंट न चढ़ जाएं। क्या अमित शाह ऐसा आश्वासन छत्तीसगढ़ को दे सकते हैं कि बस्तर के जंगल और पहाड़ हमेशा सुरक्षित रहेंगे?

बस्तर हमारे भी दिल में बसता है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बस्तर का विकास बस्तर के लोगों की भावनाओं के ही अनुरूप होगा।

नक्सल मुक्त भारत के साथ आपने नशामुक्त भारत का भी ऐलान किया है, उस पर कितनी प्रगति हुई है?

देखिये, ड्रग्स युवाओं के लिए अभिशाप है, यह आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद करता है, हम इसकी समाप्ति की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हम रुथलेस अप्रोच से इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर रहे हैं। इसके लिए संस्थागत संरचना को मजबूत किया है, एजेंसियों को सशक्त किया है और उनके बीच समन्वय को सीमलेस बनाया है और विस्तृत जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। साल 2019 में गृह मंत्रालय ने इसके लिए चार स्तरीय एनकोर्ड मैकेनिज्म बनाया, संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया गया। समुद्री मार्ग से तस्करी रोकने के लिए उच्च स्तरीय समर्पित टास्क फोर्स बनाये। सीजर इनफारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम, निदान, एनकोर्ड पोर्टल बनाये गए, इनका परिणाम हुआ कि जहाँ 2004-14 में 40 हजार करोड़ रुपए के मूल्य का 25 लाख किलो ड्रग्स पकड़ा गया था, वहीं मोदी सरकार ने 2014-25 के बीच 1 करोड़ किलो से अधिक ड्रग्स जब्त किया जिसकी कीमत 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए है। पकडे हुए ड्रग्स का दोबारा उपयोग न हो सके इसके हमारी सरकार ने बड़े पैमाने पर ड्रग्स को नष्ट करने का अभियान शुरू किया और 31.53 लाख किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया जो यूपीए सरकार की तुलना में 10 गुना अधिक है। सिंथेटिक ड्रग्स जो पूरी दुनिया के सामने एक नई चुनौती बन गया है, हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 14 हजार करोड़ से अधिक का 23 हजार किलो सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किया और विभिन्न राज्यों में लगभग 41 क्लैन्डेस्टिन लैब्स को नष्ट की गई, 86 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुआ और 136 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बदलते युग में साइबर खतरे की चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही है। जैसा कि आपने कहा कि भारत में डिजिटल ट्रांजेक्शन में विश्व में अग्रणी है। ऐसे में साइबर हमलों से देश वासियों को सुरक्षित बनाने के लिए क्या किया जा रहा है?

मोदी सरकार ने साइबर हेल्पलाइन '1930' शुरू की है, जिस पर प्रतिदिन करीब 60 हजार फोन कॉल आते हैं, 419 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ इसके साथ जोड़े जा चुके हैं, इसके माध्यम से 14 लाख 47 हजार लोगों के 4,725 करोड़ रुपए की वापस दिलाने का काम भी हुआ है। 2020 में मोदी सरकार द्वारा शुरू किये गए साइबर क्राइम पोर्टल पर 65 लाख यूनिक शिकायतें दर्ज हुई और 1.5 लाख से अधिक एफआईआर दर्ज की गयी, लोगों द्वारा 20 करोड़ से अधिक बार इस पोर्टल का उपयोग किया जा चुका है। इंडियन साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है, 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फारेंसिक ट्रेनिंग लेब की स्थापना की है। साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर यानी सीएफएमसी के माध्यम से मोदी सरकार ऑनलाइन फ्रॉड के पैसों को तत्काल रिटर्न करा रही है। शिकायत दर्ज कराने के बाद बैंक फ्रॉड हुए पैसों को फ्रीज कर देता है और वेरिफिकेशन के बाद पीड़ित तक फ्रॉड हुए पैसे पहुंच जाते हैं।

आपकी सरकार ने डिफेंस क्षेत्र में मेक इन इंडिया की शुरुआत की है। एक अच्छी चीज हथियारों के उत्पादन को लेकर दिखती है। भारत अब हथियारों का निर्यातक बन रहा है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की प्रगति क्या रही?

हमारी सरकार डिफेंस के क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की बड़ी शुरुआत की, लेकिन कांग्रेस ने जो गड्ढा किया है, उसे भरने में थोड़ा समय लगेगा। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी आकाशतीर डिफेंस सिस्टम की सफलता से दुनिया आश्चर्यचकित है। पाकिस्तान के हर हमले को हमारे डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। डिफेन्स का प्रोडक्शन भी बढ़ा है और एक्सपोर्ट भी बढ़ा है। वर्ष 2023–24 में भारत का रक्षा क्षेत्र में उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपए और निर्यात 21,083 करोड़ रुपए है और हम 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपए निर्यात के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

**और पीओके पर आप क्या कहेंगे ?**

कहना क्या है मैंने संसद में भी कहा है कि पीओके हमारा है, भारत का हिस्सा है।

**आपने दो भूमिकाएं निभाईं, राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे और राष्ट्र के गृहमंत्री भी। कौनसी भूमिका आपको ज्यादा बेहतर लगी ?**

मैंने नारणपुरा बूथ से लेकर भाजपा पार्टी में अनेक जिम्मेदारी निभाई हैं। मैं पार्टी का एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं मुझे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देती है, मैं उसे पूरी क्षमता से निभाता हूँ। आप पत्रकार लोग हमारे कार्य को दो भूमिकाओं में बांधने की कोशिश कर सकते हैं, मैं नहीं।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी इतनी उहापोह की स्थिति में क्यों नजर आ रही है। नए अध्यक्ष का ऐलान नहीं हो पा रहा है।**

भाजपा एक लोकतांत्रिक और 14 करोड़ से अधिक सदस्य वाली पार्टी है। बूथ से लेकर जिला, मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया चलती है तो, इसमें समय लगता है। जल्द ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा।

दशकों तक छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रस्त रहा है। जब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है, उसके विकास के लिए क्या योजनाएं चलाई जा रही हैं?

विकास पहुँचेगा... हमने तो विकास पहुंचा कर दिखाया है, मोदी सरकार नक्सल प्रभावित इन क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रही है। 11,503 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा चुका है और 17,589 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 20,815 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। संचार सुविधाओं के विस्तार के लिए दो चरणों में काम किया गया। पहले चरण में 4080 करोड़ रुपए की लागत से 2343 (2G) मोबाइल टावर स्थापित किये गए। दूसरे चरण में 2210 करोड़ के निवेश के साथ 2542 मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए कार्य आदेश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्रों में 8527 (4G) मोबाइल टावरों को और मंजूरी दी है। नक्सल प्रभावित जिलों में 1007 बैंक शाखाएं, 937 एटीएम और 37850 बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट स्थापित किये जा चुके हैं। 90 जिलों में हर 3 किमी पर 5,731 डाकघर खोले गए हैं। इसके साथ-साथ 48 जिलों में कौशल विकास योजना के अंतर्गत 495 करोड़ रुपए से 48 इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट आईटीआई, 61 कौशल विकास केन्द्र अनुमोदित किए गए हैं।

आपने हाल ही में कहा कि इस बरसात में नक्सली चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। इसके पीछे की क्या वजह है?

देखिये, हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे। इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जाएगा। मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25